# रणकपुर महोत्सव की तैयारी व व्यवस्थाओं पर चर्चा की

- महोत्सव से पूर्व सादड़ी से रणकपुर जैन मंदिर तक सड़क की मरम्मत, ग्राउंड तथा कार्यक्रम स्थलों की साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर नगर पालिका सादड़ी को निर्देश दिये

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में आज शुक्रवार जिला कलैक्टर कार्यालय में रणकपुर जवाई बांध महोत्सव की बैठक आयोजित हुयी।

बैठक में जिला कलैक्टर ने कहा कि हमें पर्यटन को बढ़ावा देना चाहिये। उन्होंने इसके सफल आयोजन के लिये सभी संबधित विभागों कोप दिशा निर्देश दिये। बैठक में बताया कि 21 व 22 दिसम्बर को जीप सवारी, दीपोत्सव, काईट फ्लाईंग , हैंडीकाफ्ट प्रर्दशनी, पैरासोलिंग हॉट ऐयर बैलून, कल्चर ईवनिंग आदि विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जायेगी।

बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा महोत्सव के पर्याप्त प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई गई। महोत्सव के पर्याप्त प्रचार प्रसार को लेकर महोत्सव से संबंधित फ्लेक्स होर्डिंग लगाए जाने तथा जिले की विभिन्न होटलों, ट्रेवल एजेंसियों तथा आवागमन के साधनों, वाहनों एवं जिले के विभिन्न स्थानों पर महोत्सव से संबंधित स्टीकर एवं पोस्टर लगाए जाने का निर्णय लिया गया तथा इस के लिये सहायक निदेशक, पर्यटन विभाग को दिशा निर्देश प्रदान किये गए।

बैठक में उपस्थित सदस्यों के सुझाव पर जिला कलेक्टर द्वारा महोत्सव के अंतर्गत स्टार नाइट का आयोजन किए जाने के बारे में चर्चा की गयी। जिसके लिये विभिन्न नामों पर चर्चा हुयी जिसके लिये आगामी दिनों में निर्णय लिया जायेगा। साथ ही फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन बैठक में पाली जिले की प्रकृति, संस्कृति एवं पर्यटक स्थल होगा तथा महोत्सव के दौरान प्राप्त बेहतरीन फोटोग्राफ्स की प्रर्दशनी लगाए जाने तथा विजेता फोटोग्राफर्स को पुरस्कृत किया जायेगा।

बैठक में जिला कलैक्टर ने रणकपुर स्थित बांध पर लोक कलाकारों की प्रस्तुति महोत्सव में जिला प्रशासन के तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आवश्यक रूप से सहभागिता के लिये निर्देश दिये। महोत्सव में विभिन्न गनोरजक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सौंदर्य प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किए जाने, महोत्सव में विभिन्न मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताओं पर भी चर्चा हुयी। जिला खेल अधिकारी, पाली तथा सहायक निदेशक, पर्यटन विभाग, जोधपुर को दिशा निर्देश प्रदान किये गए।

बैठक में महोत्सव में जिले के रेबारी जाति के लोगों की जीवन शैली एवं संस्कृति का प्रदर्शन - बैठक में उपस्थित सदस्यों के सुझावों के आधार पर जिले में रहने वाले रेबारी जाति के लोगों की जीवन शैली तथा संस्कृति के प्रचार प्रसार किये जाने के लिये निर्देश दिये तथा महोत्सव के दौरान हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शनी / हाट बाजार लगाए जाने आदि के लिये निर्देश दिये।

समस्त कार्यक्रम आयोजन स्थलों की साफ-सफाई व चूना लाईन की उचित व्यवस्था नगर पालिका, सादड़ी एवं रणकपुर जैन मन्दिर परिसर में साफ सफाई रणकपुर से सादड़ी तक रोशनी की व्यवस्था गत वर्ष की भांति नगर पालिका, सादड़ी को महोत्सव में आने वाले दर्शकगणों के लिए महोत्सव के दौरान पाली तथा निकटतम शहरों से रणकपुर आने जाने तक बस की व्यवस्था के लिये रोडवेज को निर्देश दिये गये।

पुलिस की माकूल व्यवस्था व पानी, बिजली, चिकित्सा ,फायर बिग्रेड आदि की व्यवस्था के लिये प्रचार प्रसार, पर्यटन विभाग के वालियन्टर्स, लोक कलाकारों आदि के लिए आवास एंव भोजन व्यवस्था नगर पालिका, सादड़ी की रणकपुर एवं सादड़ी में अस्थाई टेन्ट, लाईट एण्ड साउण्ड, विद्युत की व्यवस्था कलाकारों को आमत्रित करना, फ्लेक्स बेनर, कलाकारों के लिये यातायात व्यवस्था एवं आवास आदि की व्यवस्था के लिये महोत्सव से पूर्व सादड़ी से रणकपुर जैन मंदिर तक जाने वाली सड़क की मरम्मत, ग्राउंड तथा समस्त कार्यक्रम स्थलों की साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर नगर पालिका सादड़ी को निर्देश दिये।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ बजरंग सिंह , यूआईटी सचिव डॉ. पूजा सक्सेना , उपखंड अधिकारी देसूरी , विवेक व्यास , नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज , संयुक्त निदेशक पशुपालन , डॉ मनोज पंवार , उप निदेशक पर्यटन जोधपुर, भानु प्रताप, सहायक निदेशक पर्यटन, सविता फीडौदा व अन्य संबधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में जिला कलेक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में समीक्षा कर लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों का विश्वास जीतने के लिए अस्पताल साफ सुथरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो इसके लिए अस्पताल के वार्ड तथा टॉयलेट में पानी की कमी नहीं हो। इन सब सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अस्पतालों में बजट की कोई कमी नहीं है। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि वह अपने अधीनस्थ चिकित्सा संस्थानों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार करने का प्रयास करें एवं कार्यक्रमों की निरंतर मॉनिटरिंग कर लक्ष्य प्राप्ति करें। बैठक में उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग द्वारा टीम वर्क के रूप में किए गए कार्यों की प्रशंसा की तथा कहा कि इन कार्यों का डॉक्यूमेंटेशन करने के निर्देश दिए। उन्होंने औषधि नियंत्रण अधिकारियों से कहा कि वह समय-समय पर रिपोर्ट सीएमएचओ को भी करने के निर्देश दिए।

# आर्य वीर दल ने किसानों की मांग का समाधान मांगा



आर्य वीर दल के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलैक्टर प्रदीप गावंडे से मुलाकात की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। आर्य वीर दल के एक प्रतिनिधि मंडल आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य व अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी के नेतृत्व में जिला कलैक्टर प्रदीप गावंडे से मिलकर किसानों द्वारा अपने मांगों को लेकर किये जा रहे आंदोलन का समाधान शीघ्र निकालना का आग्रह किया।

इस अवसर पर आर्य वीर दल ने कलैक्टर से अनुरोध किया कि जवाई नदी जालोर की जीवन रेखा है तथा इसका पुनर्भरण करना आमजन की मांग है। किसानों की मांगों का शीघ्र समाधान होना चाहिए। संगठन इसका पूरा समर्थन करता है।

इस मौके पर आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य, संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य, शाखा नायक कन्हैया लाल मिश्रा, अंबिका प्रसाद तिवारी व पूर्व पार्षद भारत मेघवाल उपस्थित थे।

इससे पूर्व प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय किसान संघ के धरने स्थल पर जाकर जिला अध्यक्ष रतन सिंह कानीवाड़ा व अन्य पदाधिकारी से मिलकर आंदोलन के समर्थन का पत्र सौंपा व आंदोलन को तन, मन व धन से सहयोग करने का दिलाया।

## पाग दस्तूर की रस्म हुई

**जालोर**, (कासं)। जिले के कमालपुरा गांव में गुरुवार को वरिष्ठ अधिवक्ता सिकंदर अली सैयद का पाग दस्तूर (पगडी रस्म) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के ठिकानेदारों के अलावा काफी संख्या हिंदू और मुसलमान समाज के लोग उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि कमालपुरा के ठाकुर स्व. इकराम अली का कुछ दिनों पहले आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन के बाद गुरुवार को शुभ मुहूर्त में कमालपुरा के नए ठाकुर सिकंदर अली सैयद की पाग दस्तूर रस्म की गई तथा विधि विधान से कमालपुरा के नए ठाकुर की जिम्मेदारी संभाली। राव मोहनसिंह जी चितलवाना सहित अन्य गांवों से आए ठिकानेदारों ने नए ठाकुर का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान काफी संख्या में उपस्थित कमालपुरा एवं आसपास के अन्य गांवों से आए हुए लोगों ने भी नए ठाकुर सिकंदर अली को शुभकामनाएं दीं और बधाइयां दीं। वही सिकंदर अली ने भी उनकी आशाओं पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया।



**माही का पानी जालोर लाने और जवाई नदी पुनर्जीवित करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सवाराम पटेल ( बाएं से दूसरे ), जिला परिषद् सदस्य मांगीलाल प्रजापत, उपाध्यक्ष आमसिंह परिहार, प्रवक्ता योगेंद्रसिह कुंपावत, पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल चौधरी, नगर अध्यक्ष मुमताज अली सैयद, अर्जुन सिंह आईपुरा, पुखराज माली, गोरधन सिंह राजपुरोहित मौजूद रहे।** फोटो-राष्ट्रदूत

# पिछड़े जिलों एवं ब्लॉक को अग्रणीय क्षेत्र में समाहित किया : डॉ. राजभूषण

- केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने आकांक्षी जिले एवं ब्लॉक फतेहगढ़ की प्रगति कार्यों की समीक्षा की

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने कहा कि नीति आयोग द्वारा पिछड़े जिलों एवं ब्लॉक में विकास के नये आयाम स्थापित करने के लिए उन्हें आकांक्षी जिले एवं ब्लॉक को चयनित किया था एवं इसमें स्वास्थ्य एवं पौषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास जैसे इन्डीगेटर निर्धारित किये जाकर विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति लाई गई एवं पिछड़ों को अग्रणीय क्षेत्रों में समाहित किया गया है।

उन्होंने आकांक्षी जिले एवं ब्लॉक फतेहगढ़ की प्रगति की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इन निर्धारित सूचकांकों में धरातल पर बेहतर कार्य कर अच्छे परिणाम लावें एवं विकास के नये आयाम स्थापित करें।

जलशक्ति राज्यमंत्री डॉ. चौधरी शुक्रवार को जिला कलक्ट्री सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे।

बैठक में जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, जिला कलैक्टर प्रताप सिंह, (आईआरएस) एवं विशिष्ठ सचिव, अर्जुनसिंह, अतिरिक्त जिला कलैक्टर मुन्नीराम बागड़िया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी के साथ ही संबंधित विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. चौधरी ने आकांक्षी जिले के विभिन्न 05 क्षेत्रों के 49 संकेतकों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की एवं कहा कि आंकड़ों के अनुरुप प्रत्येक इन्डीकेटर में अच्छी उपलब्धी अर्जित की गई है, जो संतोषजनक है।

उन्होंने स्वास्थ्य एवं पौषण, शिक्षा, आधारभूत संरचनाओं, कृषि इत्यादि क्षेत्रों में धरातल पर विशेष कार्य कर जरुरमंदों को योजनाओं से लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया ताकि हम नीति आयोग के मापदण्डों पर खरा उतरें व लोगों को अग्रणीय श्रेणी में लायें। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की एएनसी चैकअप को ओर अधिक प्रभावी करने पर जोर दिया, ताकि हम गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव करवा सकें।

इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि वे धात्री महिलाओं को छह माह तक बच्चे को मां का दूध पिलाने के लिये प्रेरित करें एवं बच्चे के दूध पिलाने की विधि के कार्यक्रम भी माताओं के बीच चलाने की आवश्यकता जताई।

जलशक्ति राज्यमंत्री ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल जीवन मिशन के कार्य को गति प्रदान करें एवं यह सुनिश्चित करें कि हर घर तक नल के कनेक्शन हो एवं उन्हें पीने का पानी मिलें। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को सीमान्त एवं दुरस्थ गांवों में जहां बिजली पहुंचाने पर बहुत अधिक खर्चा आता है, वहां पर सौर ऊर्जा से विद्युत कनेक्शन के प्रस्ताव भी तैयार करें ताकि हम उन दुरस्त गांवों तक लोगों को कम खर्चे में बिजली दे सकें।

जिला प्रमुख प्रताप सिंह सौलकी ने कहा कि जैसलमेर जिले का नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिले में चयन होने से विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति आई है एवं विकास के नये आयाम भी स्थापित हुए है। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य को गति देने पर जोर दिया। प्रताप सिंह ने आकांक्षी जिले के रुप में नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न संकेतकों में हुई प्रगति के बारे में प्रकाश डाला एवं बताया कि जैसलमेर जिले ने देश में अच्छी रैंक अर्जित की है।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर मुन्नीराम बागड़िया ने कहा कि जलशक्ति राज्यमंत्री ने जो दिशा-निर्देश आकांक्षी जिला व ब्लॉक की प्रगति के लिये प्रदान किए है उसकी पालना की जाकर ओर अच्छे तरीके से कार्यक्रम को सफल बनाएगें। इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी ने स्वागत करते हुए बताया कि जैसलमेर जिले के साथ ही जिले का फतेहगढ़ ब्लॉक आकांक्षी जिले में चयनित है एवं वहां पर निर्धारित सूचकांकों में प्रभावी ढंग से कार्य संपादित किया जा रहा है एवं समय-समय पर इसकी मॉनेटरिंग की जा रही है।

प्रोग्राम मैनेजर डॉ. मनीष विश्नोई व एएसओ मोहित ने पॉवर पोईन्ट प्रर्जेशन के माध्यम से आकांक्षी जिले एवं ब्लॉक के विभिन्न सूचकांकों तथा संपूर्णता अभियान की गतिविधियों की प्रस्तुति दी।

# स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने एक रजत-कांस्य पदक जीता

**जालोर**, (कासं)। श्रीगंगानगर में राजस्थान वूशु संघ के तत्वावधान में 15 से 17 नवंबर तक आयोजित 18 वी राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु प्रतियोगिता में स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने एक रजत, एक कांस्य पदक प्राप्त किया।

स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के प्रशिक्षक पुष्पेंद्र परमार ने बताया कि राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के परमजीत सिंह, धैर्य वीर सिंह, अभिजीत सिंह, कोहिनूर व खुशी शर्मा सहित पांच खिलाडियों ने भाग लिया।

प्रतियोगित में खुशी शर्मा पुत्री सुरेश शर्मा ने रजत पदक व धैर्य वीर गुर्जर पुत्र सुनील गुर्जर ने कांस्य पदक प्राप्त किया। यह सभी खिलाडी स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के नियमित खिलाडी हैं।

स्वर्णगिरी स्पोर्ट्स फाउंडेशन में वूशु के साथ मुक्केबाजी, एडवांस योग, ताइक्वांडो खेल का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। पदक प्राप्त करने पर मुकेश भाई सुंदेशा, सुरेश शर्मा, सुनील गुर्जर, मुकेश राणा, कैलाश नाथ, भंवर प्रजापत, यश परमार, रंजीत सिंह, गोपाल सिंह, राजेंद्र सिंह ने खुशी जताई।




**श्रीगंगानगर में 15 से 17 नवंबर तक आयोजित 18 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर वूशु प्रतियोगिता में खुशी शर्मा ने रजत पदक व धैर्यवीर गुर्जर ने कांस्य पदक प्राप्त किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

## अनुपस्थित मिले 15 बी.एल.ओ. को नोटिस जारी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। विधानसभा क्षेत्र जैसलमेर में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदान केन्द्रों पर रविवार, 10 नवम्बर को मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान का आयोजन रखा गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलैक्टर) प्रताप सिंह द्वारा इस अभियान के लिए अधिकारियों को निरीक्षण के लिए लगाया गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उपखण्ड अधिकारी जैसलमेर पवन कुमार ने बताया कि निरीक्षण अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने पर विशेष अभियान को बीएलओ उपस्थित नहीं पाए गये।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इसलिए मतदान केन्द्रों पर अनुपस्थित पाए गये 15 बीएलओ को नोटिस जारी किया गया है।

## मलेशिया के ग्रुव फेस्ट में जोधपुर का कलांगन प्रथम

**जोधपुर**, (कासं)। मलेशिया में आयोजित इंडियाज इंटरनेशनल ग्रुव फेस्ट के छठें संस्करण का आयोजन 18-19 नवंबर को मलेशिया के कुआलालम्पुर में किया गया।

निदेशक अनुपमा वकील ने बताया कि राजस्थानी फोक डांस में लक्ष्मीसिंह, काव्या भंडारी, जियांशी तोषनीवाल, मयूराक्षी सिंह, हिरल पटेल, शनाया जाखड़ और शिवन्या जाखड़ की टीम ने चरी नृत्य, कच्छी घोड़ी और कालबेलिया नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर पहला स्थान हासिल किया। अनन्या अग्रवाल, हिमांशी जाखड़ और केनिशा बालेश्वर ने शास्त्रीय नृत्य कत्थक में पहला स्थान प्राप्त किया।

# लोक नृत्य में विजेता बालिकाओं का स्वागत

**जालोर**, (कासं)। अलवर में राज्य स्तरीय कला उत्सव 2024 में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर जालोर की बालिकाओं के दल का लोक नृत्य विधा में जिले का प्रतिनिधित्व कर विजेता रहने के बाद विद्यालय आगमन पर अभिनंदन किया गया।

प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापिका शैलजा माथुर के निर्देशन में बालिकाओं के दल ऐश्वर्या भटनागर, आस्था तिवारी भाग्यश्री कीर्ति सुधार तथा पिया के मोदरान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने के बाद अलवर में आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता अन्तर्गत लोक नृत्य में जिले का प्रतिनिधित्व कर सम्पूर्ण राज्यं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। लोक नृत्य के अलावा लोक गायन में विद्यालय की रवीना ने राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व किया। लोक नृत्य में विजेता दल आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। उल्लेखनीय है कि शैलंजा माथुर के निर्देशन में जिले का दल पांचवी बार राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। विजेताओं के सम्मान में कार्यक्रम में विद्यालय विकास समिति विधायक प्रतिनिधि एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया तथा केशव व्यास के आतिथ्य एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किस्तुराराम बामनिया की अध्यक्षता में समस्त प्रतिभागियों एवं मार्गदर्शक शिक्षिका शैलजा माथुर का अभिनंदन किया गया। अतिथि क्रीडा भारती के पदाधिकारी नाधु सोलंकी एवं भागीरथ गर्ग, शिक्षाविद् बस्तीमल चौहान, शिक्षक नेता अंबिका प्रसाद तिवारी आदि उपस्थित थे।

# प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने स्टेक होल्डर्स से सीधा संवाद किया

- माइनिंग सेक्टर में पहली बार एक लाख 41 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव
- व्यावहारिक सुझावों का नई मिनरल पॉलिसी में समावेश होगा
- अवैध खनन गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस, परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 तय समय में भरवाने के निर्देश

**जयपुर/जोधपुर**, (का.सं.)। प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने माईनिंग क्षेत्र में आ रही नई तकनीक को अपनाते हुए प्रदेश में जीरो लॉस माइनिंग की आवश्यकता प्रतिपादित की है। उन्होंने कहा कि राज्य की नई खनिज नीति में माइंस से जुड़े स्टेक होल्डर्स के व्यावहारिक सुझावों का भी समावेश किया जा रहा है जिससे प्रदेश के माइनिंग सेक्टर में और अधिक तेजी से काम करते हुए नई तकनीक का उपयोग, निवेश, रोजगार व राजस्व में बढ़ोतरी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि माइनिंग सेक्टर में यह पहला अवसर है जब 1 लाख 41 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षिरत हुए हैं।

प्रमुख सचिव खान टी. रविकान्त शुक्रवार को जोधपुर में जोधपुर संभाग के माइनिंग लीजधारकों, माइनिंग एसोसिएशनों और क्रेशर एसोसिएशनों, सीमेंट कंपनियों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद कायम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के माइनिंग सेक्टर में जोधपुर संभाग की अलग व विशिष्ठ पहचान रही है। इस अमूल्य धरोहर का खनन करते समय आधुनिकतम तकनीक और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए जीरो लॉस-गुणवत्ता युक्त अधिकतम उत्पादन के आधार पर काम करना होगा।

रविकान्त ने स्टेक होल्डर्स से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार माइनिंग सेक्टर को देश में अठाणी सेक्टर बनाने की दिषा में आगे बढ़ रही है। मेजर मिनरल्स के ऑक्शन में हम समूचे देश में अव्वल हो गए हैं वहीं माइनर मिनरल के ऑक्शन में भी नया रेकार्ड कायम किया जाएगा।

उन्होंने चर्चा के दौरान माइनिंग एसोसिएशन पदाधिकारियों व लीजधारकों द्वारा दिए गए सुझावों पर गुणावगुण के आधार पर सकारात्मक निर्णय का आश्वासन दिया।

चर्चा के दौरान लघु उद्योग भारती मंडोर के पूनम चंद तंवर, जोधपुर स्टोन पार्क ऐसोसिएशन के अध्यक्ष जब्बर सिंह परिहार, सूर्यनगरी खनन एवं पर्यावरण समिति के सचिव घनश्याम पंवार, जोधपुर संपूर्ण खनिज प्रतिनिधि निर्मल कच्छवाह, खनिज रायोलाइट प्रतिनिधि अनिल जैन, जोधपुर लाइमस्टोन समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह नरुका सेण्ड स्टोन एसोसिएषन के नंदू शाह, फिदुसर सेण्डस्टोन के प्रवीण कच्छवाह, सचिव लघु उद्योग भारती नरेश परिहार, सेण्डस्टोन खातेदारी समिति के अध्यक्ष पन्ना लाल गहलोत, बिन्दुसार पत्थर उद्योग संघ के अरविन्द गहलोत, खनिज लाइमस्टोन समिति के कुलदीप चौधरी सहित स्टेक होल्डर्स ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। चर्चा के दौरान खान विभाग के अतिरिक्त निदेशक जोधपुर वाई एस सहवाल अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा सहित अधिकारी उपस्थित थे।

टी. रविकान्त ने जोधपुर आरएसएमएमएल सभागार में संभाग के माइनिंग अधिकारियों से चर्चा करते हुए अधिकारियों को अधिक से अधिक फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश देते हुए अवैध खनन गतिविधियां पर प्रभावी कार्रवाई करने और राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त खानधारकों से तय समय सीमा में परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 भरवा कर अपलोड कराएं। प्रमुख सचिव रविकान्त ने डेलिनियेशन कार्य, माइनिंग प्लान आदि को तय समय में पूरा करने को कहा। उन्होंने कार्यालय के रेकार्ड संधारण की आधुनिक तकनीक को अपनाने को कहा ताकि विभाग के महत्वपूर्ण रेकार्ड को सुरक्षित व बेहतर तरीके से संधारित किया जा सके।

अतिरिक्त निदेशक माइंस श्री वाईएस सहवाल ने संभाग की माइनिंग गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त निदेशक अजय शर्मा, एसएमई भीम सिंह, एसएमई बीकानेर धमेन्द्र लोहार, माइनिंग इंजीनियरों में जोधपुर भगवान सिंह भाटी, सिरोही महेश शर्मा, सोजत सिटी विनित गहलोत, बाड़मेर वेद प्रकाश, जैसलमेर घनश्याम, श्रीगंगानगर धीरज पंवार, बीकानेर एमपी पुरोहित, रिट्स दीपक गहलोत, एएमई हनुमानगढ़ सोहन लाल गुरु, चुरु नोरंग लाल मेघवाल, सुपरिटेंडेट जियोलोजिस्ट जोधपुर राजीव कश्यप, एसजी सीपी दाधीच, कर्णवीर सिंह राजवी, दिनेश चौहान ने अपने अपने क्षेत्र की प्रगति से अवगत कराया।

## नवीन भवन की आधार शिला रखी

**पाली**, (नि.सं.)। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरवा के नवीन भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन एवम नवीन भवन की आधार शिला रख कर शिलान्यास किया तथा ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न योजनाओं में कराए गए कार्यों लोकार्पण किया। विद्यालय भवन के बनने पर बालिकाओं के लिए समुचित शिक्षा और इन्फ्रास्ट्रक्चर की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर दिया और कहा यही उम्र है इस समय जितना पढ़ोगे उतना भविष्य में आगे बढ़ोगे। इस मौके पर प्रधान पंचायत समिति पाली मोहनी पुखराज पटेल, पुखराज पटेल, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि किसान केसरी भंवर चौधरी, उपखंड अधिकारी विमलेंद्र राणावत, खैरवा ठाकुर हरीश चंद्र सिंह,पंचायत समिति सदस्य ओमकार सिंह, सरपंच संतोष कंवर भारत सिंह राणावत, एईएन संजय हंस, ग्राम विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सारण, प्रधानाचार्य विजय शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, सीबीईओ पाली, शंकर सिंह राजपुरोहित, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवम कर्मचारी सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

**ऋण वसूली प्राधीकरण**

पहली मंजिल, सुधर्मा ।।, लाल कोठी शापिंग सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर-302015

केस नं. ओए/1445/2023

एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) ऋण वसूली प्राधीकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के साथ पठित के तहत सम्मन

ईएक्सएच.नं. 13643

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
बनाम
हरीश चौधरी

प्रेषित,
1. हरीश चौधरी, डी/डब्लू/एस/ओ.-श्री भंवर लाल, निवासी 9/370, कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर, राजस्थान-342005
यहाँ भी
द्वारा मै. एच.बी.स्टील, बडानगर, सैकन्ड फेज, बासनी, जोधपुर, राजस्थान
2. श्रीमती सुमित्रा चौधरी पत्नी श्री हरिश चौधरी, निवासी 9/370, कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड, जोधपुर, राजस्थान

सम्मन

जैसा कि, ओए/1445/2024 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 03.10.2024 को सूचिबद्ध था,
जैसा कि, यह माननीय प्राधीकरण आपके खिलाफ रु. 2105206.30/- (आवेदन तथा दस्तावेजों की प्रतियाँ आदि संलग्न) के ऋण की वसूली के लिये, एक्ट के सैक्शन 19(4) के तहत दायर अकत आवेदन (ओ.ए.) पर सम्मन / नोटिस जारी करता है।
एक्ट के सैक्शन 19 के सब सैक्शन (4) के अनुसार, आप प्रतिवादी को निम्न अनुवाद निर्देशित किया जाता है-
(i) सम्मन प्राप्त होने के तीस दिन में कारण बताये कि प्रार्थना की गयी राहत क्यों नहीं दी जाये।
(ii) आवेदक द्वारा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित सम्पत्तियों तथा परिसम्पतियों के अतिरिक्त अन्य सम्पत्तियों अथवा परिसम्पत्तियों के विवरण प्रकट करें।
(ii) सम्पत्तियों की कुर्की के लिये किये गये आवेदन की सुनवायी तथा निस्तारण के लम्बित रहते सिक्योर्ड सम्पत्तियों अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों का लेन-देन अथवा बिक्री करने से आप प्रतिबन्धित हैं।
(iv) किसी भी परिसम्पत्ति जिन पर सिक्योर्ड हित बन चुका है, तथा/अथवा मूल आवेदन में क्रम संख्या 3ए के तहत वर्णित अथवा प्रकट अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों को आप व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के अलावा, बिक्री, लीज अथवा अन्य प्रकार से प्राथीकरण की पूर्व अनुमति के बिना, ट्रांसफर नहीं करेंगे।
(V) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में सिक्योर्ड परिसम्पत्तियों अथवा अन्य परिसम्पत्तियों तथा सम्पत्तियों बिक्री के लिये तथा ऐसी बिक्री राशी को ऐसी परिसम्पत्तियों पर सिक्योर्ड हित रखने वाले बैंक अथवा वित्तीय संस्थान के खाते में जमा कराने के लिये आप उत्तरदायी होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि लिखित जवाब दायर करें व उसकी प्रति आवेदक को उपलब्ध करें तथा रजिस्ट्रार के समक्ष 26.12.2024 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित हो, अन्यथा आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुचना जायेगा व निर्णय किया जायेगा।
**इस प्राधीकरण की सील तथा मेरे द्वारा इस तिथी 05.10.2024 को जारी किया गया।**

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली प्राधीकरण, जयपुर